हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 11 अगस्त 2025, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय अत्याधुनिक तकनीक और रक्षा उत्पादन में मेक इन इंडिया पहल को दिया है। बेंगलुरु में एक जनसभा में श्री मोदी ने कहा कि इस दौरान पूरी दुनिया ने नए भारत का नया चेहरा देखा। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं की सफलता, सीमा पार कई किलोमीटर भीतर आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने की ताकत और आतंकवादियों के बचाव में उतरे पाकिस्तान को कुछ ही घंटों में घुटनों पर लाने की हमारी क्षमता पूरी दुनिया ने नए भारत के इस स्वरूप के दर्शन किए हैं।

****

पलवल जिले में आज राजकीय माध्यमिक विद्यालय धौलागढ़ में तिरंगा यात्रा निकली गई और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर जिला उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ व जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार ने पौधारोपण किया। उपायुक्त डॉ हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा- हम सब प्रकृति के ऋणी हैं। इस कर्ज को केवल पेड़ लगाकर ही चुकाया जा सकता है। हमारा मिशन पेड़ लगाकर भविष्य की पीढ़ियों के लिए पर्यावरण संतुलन को बहाल करना है।
उन्होंने बाद में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाई।
इस अवसर पर शिक्षा अधिकारी माम राज,स्कूल के प्रधानाचार्य विक्रम चौहान तथा पलवल डोनर्स क्लब के अध्यक्ष विकास मित्तल व सदस्य अल्पना मित्तल सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

कार्यक्रम के बाद स्कूल के प्रधानाचार्य विक्रम चौहान ने कहा कि जिला उपायुक्त ने संदेश दिया कि पौधा लगा कर उसका संरक्षण अवश्य करना चाहिए।
पलवल डोनर्स क्लब की सदस्य अल्पना मित्तल ने जिला वासियों से आह्वान किया कि पलवल जिले का प्रत्येक नागरिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से अवश्य जुड़े और पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बनें। तिरंगा रैली को लेकर उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी आन बान शान है। तिरंगा रैली से लोगों में देश भक्ति की भावना जागृत होती है।

****

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कल तिगाव फरीदाबाद वह बल्लभगढ़ में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा सांय 4:30 बजे आगरा चौक से प्रारंभ होकर तिरंगा यात्रा के संयोजक हरियाणा के मंत्री राजेश नगर के पल्ला बाईपास रोड स्थित कार्यालय तक निकाली गई। यात्रा में स्थानीय नागरिकों, कार्यकर्ताओं और युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग किया।

उधर बल्लभगढ़ में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने तिरंगा यात्रा में भाग लिया। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने लोगों को संबोधित भी किया और स्वतंत्रता दिवस व तिरंगे के महत्व पर प्रकाश डाला।
****

आजादी के अमृत काल और स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में पूरे देश में जारी 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत गुरुग्राम की बादशाहपुर विधानसभा में कल एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह की अगुवाई में यह यात्रा सेक्टर-22 स्थित कृष्णा चौक से आरंभ होकर रेजांगला चौक पर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने रेजांगला चौक पर पहुंचकर वीर शहीदों को नमन किया।

यात्रा के समापन पर उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आज भारत का युवा शक्ति, एकता और राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे देशहित को सर्वोपरि रखते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

उन्होंने अपील की कि 14 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराकर शहीदों के बलिदान को नमन करें और अभियान से जुड़ी तस्वीरें सोशल मीडिया व harghartiranga.com पर साझा करते समय हैश टैग का प्रयोग करें, ताकि अन्य लोग भी प्रेरित हों।
****

हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रत्येक भारतीय को स्वतंत्रता दिवस पर अपने घर गर्व से तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पानीपत शहर में कल हर घर तिरंगा अभियान रैली निकाली गई। जिसमें बडे स्तर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा आम नागरिक के साथ शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने भाग लिया।

रैली के तहत निकली गई तिरंगा यात्रा कृपाल आश्रम से शुरू होकर शहीद स्मारक पर समाप्त हुई। जहाँ बलिदानियों को नमन कर श्रद्धांजलि दी गई।
इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ए कहा कि तिरंगा झंडा बलिदानियों और आजादी के परवानों के त्याग की निशानी है।

****